Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to conduct Army recruitment in Satara Parliamentary Constituency, Maharashtra-laid

श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटिल (सतारा): कोरोना महामारी की वजह से पिछले दो सालों से भारत देश की थल सेना, नौ सेना और वायु सेना की भर्ती महाराष्ट्र में बंद है । देश मे कोरोना महामारी का असर अभी कम हो गया है । मैं सतारा लोकसभा क्षेत्र का सांसद हूं । सतारा जिले के अनेक गांव ऐसे हैं जहाँ हर घर से नौजवान देश की सेवा करने हेतु सेना में भर्ती होते हैं। पिछले दो सालों से भारतीय सेना की भर्ती सतारा और आस पास के जिलो में नही हुई । मेरे लोकसभा चुनाव क्षेत्र से बहुत सारे नौजवान सेना में भर्ती होने की उम्मीद से तैयारी कर रहें हैं । जिनकी तैयारी हुअी ऐसे नौजवान मुझे मिलकर भर्ती शुरू करने की बिनती रक्षा मंत्रीजी से करने के लिए मुझे अर्जी दे चुके हैं । मेरा रक्षा मंत्री जी से आग्रह है । कोरोना की वजह से महाराष्ट्र में सेना में भर्ती होने की प्रक्रिया बंद है, उसे जल्द से जल्द शुरू करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करें ।